संपादकीय

शृंखला भारत को कठिन चौराहे पर छोड़ गई

ऑस्ट्रेलिया में भारतीय टीम की अंदरूनी मुश्किलों का इज़हार खुल कर हुआ। पूरी सीरीज में एकमात्र चमकता सितारा जसप्रीत बूमरा रहे। मगर एक खिलाड़ी पर निर्भरता दुर्दशा का ही संकेत है। कुल मिला कर शृंखला भारत को कठिन चौराहे पर छोड़ गई है।

ऑस्ट्रेलिया दौरे में भारतीय क्रिकेट टीम हार जाए, यह अनहोनी नहीं है। हालांकि पिछले दो दौरों में टीम वहां विजय पताका लहरा कर लौटी, मगर उसके पहले का रिकॉर्ड बेहतर नहीं है। वैसे भी हार-जीत खेल का हिस्सा है, इसलिए पराजय पर हाय-तौबा की जरूरत नहीं होती। मगर ऑस्ट्रेलिया के खत्म हुए ताजा दौरे में बात सिर्फ यह नहीं है कि भारत ने 1-3 से सीरीज गंवा दी। बात टीम की अंदरूनी मुश्किलों की है, जिसका इज़हार खुल कर हुआ। पहले तो शृंखला के बीच में ही रविचंद्रन अश्विन रिटायरमेंट का एलान कर भारत लौट गए। उनके और उनके परिजनों से बयानों से साफ है कि अश्विन टीम में खुद को उपेक्षित और अपमानित महसूस कर रहे थे। अश्विन का रिकॉर्ड मैच विनर का रहा।

पूरे टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में वे चंद गेंदबाजों में हैं, जिन्होंने 500 से ज्यादा विकेट लिए। भारत की ओर से सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले वे दूसरे खिलाड़ी रहे। ऐसे खिलाड़ी की बे-आबरू विदाई टीम प्रबंधन पर कलंक छोड़ गई। मगर बात वहीं तक नहीं रुकी। अंतिम टेस्ट मैच आते-आते तो हालात ऐसे बने कि कोच गौतम गंभीर ने कप्तान रोहित शर्मा को ही खेलने वाले 11 खिलाडिय़ों से बाहर करने का अभूतपूर्व फैसला ले लिया। इसके बावजूद सिडनी टेस्ट में भारत की बुरी हार हुई। उसके साथ ही टीम के टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में पहुंचने की बची-खुची उम्मीदें भी धूल में मिल गईं।

अब हाल यह है कि टीम में रोहित के साथ-साथ विराट कोहली का भविष्य भी अनिश्चित हो गया है। मुश्किल यह है कि टेस्ट क्रिकेट का धीरज रखने वाले खिलाड़ी सामने नहीं आ रहे हैं। जो आते हैं, वे टीम प्रबंधन की गलत नीतियों का शिकार हो जाते हैं। यशस्वी जायसवाल को छोड़ कर एक भी नया खिलाड़ी नहीं है, जिससे लंबे भविष्य की उम्मीद जोड़ी जा सके। सरफराज में संभावनाएं हैं, मगर उनको मौका नहीं दिया गया। तो पूरी सीरीज में एकमात्र चमकता सितारा जसप्रीत बूमरा रहे। मगर एक खिलाड़ी पर निर्भरता टीम की दुर्दशा का ही संकेत है। कुल मिला कर यह शृंखला भारत को कठिन चौराहे पर छोड़ गई है।

भारत का सीफूड निर्यात वित्त वर्ष 25 में अब तक 60,000 करोड़ रुपए से पार

नई दिल्ली

भारत का सीफूड निर्यात वित्त वर्ष 2024-25 में अब तक बढक़र 60,000 करोड़ रुपये के स्तर को पार कर गया है। यह जानकारी वित्त मंत्रालय द्वारा दी गई। सरकार ने बताया कि फ्रोजन झींगा की कुल निर्यात में हिस्सेदारी दो-तिहाई से अधिक थी। वित्त वर्ष 24 में सीफूड का कुल निर्यात 1.78 मिलियन मीट्रिक रहा था और इसकी वैल्यू 60,523.89 करोड़ रुपये थी।

एक फरवरी को बजट से पहले इस जानकारी को काफी अहम माना जा रहा है। भारत के सीफूड निर्यात को और मजबूत करने के लिए, सरकार ने झींगा और मछली फीड उत्पादन के लिए महत्वपूर्ण इनपुट पर आधार सीमा शुल्क (बीसीडी) को घटाकर 5 प्रतिशत करने का प्रस्ताव किया है। इसमें ब्रूडस्टॉक, पॉलीचेट वर्म और विभिन्न फीड घटकों को भी शामिल किया गया है।

सरकार के अनुसार, झींगा और मछली फीड के निर्माण में उपयोग किए जाने वाले इनपुट पर अतिरिक्त छूट लागू होगी। सरकार का कहना है कि सीमा शुल्क में कटौती से इस सेक्टर की प्रतिस्पर्धी क्षमता में इजाफा होगा। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने एक्वाकल्चर इंडस्ट्री को समर्थन देने के लिए कई कर सुधार लागू किए हैं। इसमें क्रिल मील, फिश लिपिड ऑयल, क्रूड फिश ऑयल, एल्गल प्राइम (आटा) और एल्गल ऑयल पर कर कटौती और आवश्यक फीड सामग्री के लिए बीसीडी घटाकर 5 प्रतिशत करना शामिल है।

वित्त वर्ष 24 में अमेरिका, भारत के सीफूड का सबसे बड़ा आयातक था। देश के कुल सीफूड निर्यात में इसकी हिस्सेदारी 34.53 प्रतिशत या 2.55 अरब डॉलर थी। इस अवधि में फ्रोजन झींगा की यूएस को किए गए सीफूड निर्यात में हिस्सेदारी 91.9 प्रतिशत थी। भारत के सीफूड निर्यात में चीन दूसरे नंबर पर था। चीन को 1.38 अरब डॉलर मूल्य के 4,51,000 मीट्रिक टन सीफूड का निर्यात किया गया है। इसके बाद जापान तीसरे स्थान पर था। फिर वियतनाम, थाईलैंड, कनाडा, स्पेन, बेल्जियम, यूएई और इटली का स्थान रहा।

बैंकों में नॉमिनी नामांकन को लेकर बड़ा अपडेट, आरबीआई ने जारी किया सर्कुलर

नई दिल्ली



देशभर में आज भी बैंकों में ऐसे कई खाते है जिनमें नॉमिनी का नामांकन नहीं हुआ है। जिस कारण व्यक्ति की मौत को बाद परिवार के लोगों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। जिसकों लेकर अब आरबीआई ने सभी बैंकों और गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों को नॉमिनी को लेकर निर्देश दिए हैं।

आरबीआई द्वारा जारी सर्कुलर के अनुसार, सभी बैंकों की जिम्मेदारी होगी कि वे अपने सभी पुराने और नए ग्राहकों से नामांकन प्रक्रिया पूरी करें। अभी भी बड़ी संख्या में जमा खातों के लिए नॉमिनी उपलब्ध नहीं हैं। जिन लोगों के एफडी या बचत खाते में नॉमिनी नहीं होते, उनके परिवार के सदस्यों को उनकी मृत्यु के बाद उनके अधिकार प्राप्त करने के लिए कानूनी झंझटों का सामना करना पड़ता है। इसलिए सभी लोगों को अपने खाते में नामांकन प्रक्रिया पूरी कर लेनी चाहिए। आरबीआई द्वारा जारी सर्कुलर में यह भी कहा गया है कि बैंक और एनबीएफसी अपने सभी ग्राहकों को नामांकन के फायदे समझाएं। इसके साथ ही ग्राहक सेवा समिति को बैंकिंग संस्थाओं में खाताधारकों के नामांकन की स्थिति की समीक्षा करने के भी निर्देश दिए गए हैं। बैंकों में नामांकन की प्रगति की रिपोर्ट हर तिमाही में दक्ष पोर्टल पर अपलोड करने के भी निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा बैंकों में खाता खोलने के लिए फॉर्म में भी बदलाव करने को कहा गया है। जिसमें ग्राहकों के लिए नॉमिनी का विकल्प अनिवार्य करने को कहा गया है। बता दें कि किसी भी बैंक खाते या एफडी में नॉमिनी बनाया गया व्यक्ति खाताधारक की मृत्यु के बाद उस खाते में जमा राशि का कानूनी उत्तराधिकारी होता है। खाते में जमा धनराशि आसानी से नॉमिनी को हस्तांतरित हो जाती है। नॉमिनी आपके परिवार का सदस्य होना जरूरी नहीं है, परिवार के सदस्यों के अलावा वह आपका दोस्त या कोई अन्य रिश्तेदार भी हो सकता है।

चैम्पियंस ट्रॉफी के लिए टीम इंडिया का ऐलान, शुभमन गिल को बड़ी जिम्मेदारी, यशस्वी-शमी की एंट्री

नई दिल्ली

आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी 2025 के लिए टीम इंडिया का ऐलान हो गया है। मुंबई में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में चीफ सेलेक्टर अजीत अगरकर ने टीम की घोषणा की।

चैम्पियंस ट्रॉफी में भारतीय टीम की कमान रोहित शर्मा के हाथों में देने का फैसला किया गया है, जो प्रेस कॉन्फ्रेंस में उपस्थित चैम्पियंस ट्रॉफी इस बार 'हाइब्रिड मॉडल के तहत पाकिस्तान और दुबई में खेला जाना है। टूर्नामेंट का पहला मुकाबला 19 फरवरी को मेजबान पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच कराची में होगा। जबकि भारतीय टीम अपना पहला मैच 20 फरवरी को बांग्लादेश से खेलेगी। चैम्पियंस ट्रॉफी के लिए 15 सदस्यीय भारतीय स्क्वॉड: रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल (उप-कप्तान), विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल (विकेटकीपर), ऋषभ पंत (विकेटकीपर), हार्दिक पंड्या, यशस्वी जायसवाल, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी, अर्शदीप सिंह, वॉशिंगटन सुंदर।

ईपीएफओ के 10 करोड़ सदस्यों के लिए खुशखबरी, अब आसानी से ओटीपी के जरिए कर सकेंगे ये काम

नई दिल्ली

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के सदस्य अपनी व्यक्तिगत जानकारी जैसे नाम आदि में सुधार आसानी से कर सकेंगे। यह जानकारी शनिवार को केंद्रीय मंत्री द्वारा दी गई। सरकार द्वारा ईपीएफओ में रिफॉर्म लागू किए गए हैं, जिसके बाद आसानी से ईपीएफओ के डिजिटल प्लेटफॉर्म पर जाकर सदस्य अपनी व्यक्तिगत जानकारी में स्वयं ही बदलाव कर पाएंगे।

केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री, मनसुख मांडविया ने कहा, ईपीएफओ के 10 करोड़ से ज्यादा लाभार्थी हैं, जब भी किसी सदस्य को ईपीएफओ के पास मौजूद अपनी जानकारी में कोई बदलाव करवाना होता था, तो उसे लंबे प्रोसेस से गुजरना होता था, लेकिन अब ईपीएफओ में रिफॉर्म लागू कर दिया है। इसके बाद सदस्य आसानी से बिना किसी बाहरी सहायता के स्वयं ही अपनी जानकारी में बदलाव कर पाएंगे।

मांडविया ने आगे कहा, ईपीएफओ के पास नाम और अन्य जानकारियों में बदलाव से जुड़ी हुई करीब 8 लाख शिकायतें आई हुई हैं। इस बदलाव से इन सभी शिकायतों का जल्द समाधान हो सकेगा।

इसके अतिरिक्त केंद्रीय मंत्री ने बताया, सरकार ने ईपीएफओ अकाउंट ट्रांसफर को सरल बनाने के लिए भी रिफॉर्म लागू किया है। अब आसानी से सदस्य एक ओटीपी के माध्यम से ईपीएफओ अकाउंट को एक संस्था से दूसरी संस्था में ट्रांसफर कर पाएंगे। इसके लिए पहले प्रोसेस काफी लंबा था।

इस महीने की शुरुआत में ईपीएफओ ने बताया था कि देशभर में अपने सभी क्षेत्रीय कार्यालयों में सेंट्रलाइज्ड पेंशन पेमेंट्स सिस्टम (सीपीपीएस) का रोलआउट पूरा कर लिया है। इससे 68 लाख से अधिक पेंशन पाने वालों को लाभ मिलेगा।

इस नए सिस्टम के साथ लाभार्थियों को सुविधा मिलेगी कि वे किसी भी बैंक से पेंशन निकाल सकेंगे। साथ ही पेंशन शुरू होने के समय वेरिफिकेशन के लिए लाभार्थी को बैंक जाने की जरूरत नहीं होगी। यह कदम उन पेंशनभोगियों के लिए राहत भरा होगा, जो रिटायरमेंट के बाद अपने होमटाउन चले जाते हैं और वहीं, आगे का जीवन गुजर-बसर करते हैं।

अल्काराज धमाकेदार प्रदर्शन के साथ चौथे दौर में

मेलबर्न

ऑस्ट्रेलियाई ओपन से शीर्ष 11 में से पांच खिलाडिय़ों के बाहर होने के बाद, कार्लोस अल्काराज़ ने शुक्रवार को मेलबर्न के मैदान में आगे बढऩा जारी रखा। इस पखवाड़े पहली बार रॉड लेवर एरिना में खेलते हुए, स्पैनियार्ड ने टूर्नामेंट का अपना पहला सेट गंवाने के बावजूद नूनो बोर्गेस को 6-2, 6-4, 6-7(3), 6-2 से हराया।

अल्काराज़ ने मैच के बाद कहा, मुझे रॉड लेवर की कमी खली। मैं यहां एक बार फिर खेलकर वाकई बहुत खुश हूँ। मैंने यहां अपना सर्वश्रेष्ठ टेनिस दिखाने की कोशिश की। मेरे लिए, हर बार जब मैं इस कोर्ट पर उतरता हूं तो यह मेरे लिए खुशी की बात होती हैज् पिछली बार जब मैंने यहां खेला था तो मैं (2024 के क्वार्टर फ़ाइनल में अलेक्जेंडर ज़ेवरेव से) हार गया था, इसलिए मैं वास्तव में यहां खेलना चाहता था और रॉड लेवर में एक और जीत हासिल करना चाहता था। चार बार में दूसरी बार ऑस्ट्रेलियन ओपन के चौथे दौर में पहुंचने वाले अल्काराज़ पुरुष एकल इतिहास में करियर ग्रैंड स्लैम पूरा करने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बनने की कोशिश कर रहे हैं। इस टूर्नामेंट में युवाओं का दबदबा रहा है – जिसमें तीन युवा सितारे शीर्ष 10 विरोधियों को नॉकआउट कर रहे हैं – 21 वर्षीय अल्काराज़ 2008 में नोवाक जोकोविच (20) के बाद हार्ड-कोर्ट मेजर में सबसे कम उम्र के चैंपियन बन सकते हैं।

शुरुआती गेम में ब्रेक ने दुनिया के 33वें नंबर के खिलाड़ी बोर्गेस के खिलाफ़ माहौल तैयार कर दिया, जिसमें अल्काराज़ ने शुरू से ही सर्विस पर दबदबा बनाए रखा। इंफोसिस स्टैट्स के अनुसार, अल्काराज़ ने पहले दो सेटों में से प्रत्येक में सर्विस पर सिफऱ् छह अंक गंवाए, और अपने पहले 11 नेट पॉइंट में से नौ को कन्वर्ट भी किया। बोर्गेस ने तीसरे सेट में प्रतिस्पर्धा जारी रखी, जो 4-3 के

मैराथन होल्ड के दौरान जीवंत हो गया, जिसमें उन्होंने दो ब्रेक पॉइंट बचाए और एक रोमांचक एक्सचेंज जीता जिसमें अल्काराज़ ने बैकहैंड वॉली के लिए बाहर लेट गए। 5-6, 30/40 पर सेट पॉइंट पर मिस्ड रिटर्न का पछतावा करने के बावजूद, बोर्गेस ने टाई-ब्रेक में अनियमित अल्काराज़ के खिलाफ आक्रामक रुख अपनाया और योग्य रूप से तीसरा सेट जीता।

मांग बढ़ने से भारत की आर्थिक वृद्धि दर में तेजी आने की उम्मीद : आरबीआई

मुंबई

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के जनवरी के मासिक बुलेटिन में कहा गया कि भारत की आर्थिक वृद्धि में उछाल आने की संभावना है, क्योंकि घरेलू मांग में मजबूती आ रही है। आरबीआई के अनुसार, कृषि क्षेत्र की स्थिति अच्छी होने के कारण उपभोग मजबूत बना हुआ है। बुलेटिन में कहा गया कि 2024-25 की दूसरी छमाही में आर्थिक गतिविधि के हाई फ्रीक्वेंसी इंडीकेटर्स में तेजी आने की संभावना है, जो एनएसओ के वार्षिक प्रथम अग्रिम अनुमानों में इस अवधि के लिए भारत की वास्तविक जीडीपी वृद्धि को दर्शाता है।

बुलेटिन में बताया गया है कि दिसंबर में लगातार दूसरे महीने महंगाई दर में कमी आई है, हालांकि खाद्य महंगाई में स्थिरता के कारण इसके प्रभावों पर सावधानीपूर्वक निगरानी की आवश्यकता है। घरेलू मांग में फिर से मजबूती आने से भारत की आर्थिक वृद्धि में उछाल आने की संभावना है। कृषि क्षेत्र की स्थिति अच्छी होने के कारण ग्रामीण मांग में तेजी जारी है, जो कि खपत में मजबूती को दर्शाता है। बुलेटिन में आगे कहा गया कि खरीफ की रिकॉर्ड फसल के कारण कृषि और इससे जुड़े सेक्टरों का अच्छा प्रदर्शन और रबी की अधिक बुवाई के कारण ग्रामीण अर्थव्यवस्था की स्थिति में सुधार हुआ है।

इन्फ्रास्ट्रक्चर पर सार्वजनिक पूंजीगत व्यय में सुधार से प्रमुख क्षेत्रों में वृद्धि को बढ़ावा मिलने की संभावना है। बुलेटिन कहा गया है कि राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) द्वारा 7 जनवरी को जारी 2024-25 के लिए पहले अग्रिम अनुमानों ने पुष्टि की है कि भारत सबसे तेजी से बढऩे वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बना हुआ है, हालांकि सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर लगातार तीन वर्षों से 7 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि से घटकर 6.4 प्रतिशत हो गई है। वैश्विक व्यापार में भी सुधार होने की उम्मीद है और 2025 में वॉल्यूम विस्तार पिछले वर्ष की तुलना में अधिक होगा। हालांकि, भू-राजनीतिक जोखिमों की निरंतरता और अधिक संरक्षणवादी वातावरण के बढ़ते खतरे से अनिश्चितता बनी रहेगी।

एनिमेटिड फिल्म रामायण: द लीजेंड ऑफ प्रिंस राम का ट्रेलर जारी

❑ 24 जनवरी को रिलीज होगी फिल्म

रामायण: द लिजेंड ऑफ प्रिंस राम की इंडो जैपिनीज एनिमेटेड फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। फिल्म को वाल्मिकी रामायण के आधार पर बनाया गया है। भगवान राम और लंकेश के बीच हुए युद्ध पर आधारित एनिमेटेड फिल्म 33 साल बाद फिर से बड़े पर्दे पर रिलीज होने वाली है।

फिल्म के ट्रेलर की शुरुआत इस डायलॉग से होती है- जब जब धरती पर संकट आया है, तब तब उसके उद्धार के लिए भगवान विष्णु ने अवतार लिया। ट्रेलर में राम की वनवास यात्रा से लेकर सीता अपहरण और लंका कांड तक सभी सीन को दिखाया गया है। ट्रेलर की समाप्ति होती है- मृत्यु के बाद कोई किसी का शत्रु नहीं डायलॉग से।

फिल्म 24 जनवरी 2025 को सिनेमाघरों में 33 साल बाद रिलीज की जाएगी। इसकी पटकथा लेखक विजयेंद्र प्रसाद ने लिखी है, जिन्होंने बाहुबली, बजरंगी भाईजान और आरआरआर जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्मों की कहानी लिखी थी।

रामायण: द लीजेंड ऑफ प्रिंस राम भारत और जापान के बीच एक संयुक्त परियोजना है। 1992 में रिलीज हुई यह फिल्म भारतीय महाकाव्य रामायण से प्रेरित है। इसे कोइची सासाकी और राम मोहन ने निर्देशित किया है और वनराज भाटिया द्वारा रचित एक आकर्षक संगीत स्कोर के साथ राजकुमार राम की कहानी को जीवंत रूप से फिर से बताया गया है।

भारत दौरे के लिए साकिब महमूद को मिला वीजा

नई दिल्ली

इंग्लैंड के तेज़ गेंदबाज़ साक़िब महमूद को भारत दौरे के लिए अंतत: वीज़ा मिल गया है। अब वह शुक्रवार को अपनी टीम के साथ कोलकाता की यात्रा कर सकेंगे, जहां बुधवार को पहला टी 20 होना है। पाकिस्तानी मूल के महमूद के वीज़ा में देरी हो रही थी, जिसके कारण वह यूएई में लगे टीम के ट्रेनिंग कैंप का भी हिस्सा नहीं बन पाए थे। हालांकि टीम के अन्य सदस्यों आदिल राशिद और रेहान अहमद को जल्दी ही वीज़ा मिल गया था।

2019 में जब इंग्लैंड लायंस की टीम भारत के दौरे पर थी, तब भी महमूद को ऐसी ही दिक्कतों का सामना करना पड़ा था। 2024 में जब लंकाशायर की टीम एक प्री-सीजऩ कैंप के लिए भारत में थी, तब भी महमूद भारत नहीं आ पाए थे। वहीं ऑफ़ स्पिनर शोएब बशीर को भी पिछले साल वीज़ा प्रक्रियाओं में देरी के कारण हैदराबाद के पहले टेस्ट से बाहर बैठना पड़ा था।

स्त्री 3 में अक्षय कुमार की एंट्री कंफर्म, मेकर्स बोले- हॉरर कॉमेडी यूनिवर्स के थानोस हैं खिलाड़ी कुमार

पिछले साल स्त्री 2 में अक्षय कुमार के कैमियो ने बहुत लोगों का ध्यान खींचा था. दिलचस्प बात यह है कि 2024 में खेल खेल में और सरफिरा जैसी फिल्में देने के बावजूद, स्त्री 2 ही उनकी सबसे बड़ी ब्लॉकबस्टर साबित हुई. अब हाल ही में मैडोक हॉरर कॉमेडी यूनिवर्स की 8 फिल्में अनाउंस की गई जिनमें स्त्री 3 भी शामिल है. तभी से दर्शकों में एक्साइटमेंट है कि अक्षय कुमार इस फिल्म में नजर आएंगे या नहीं. लेकिन अब मेकर्स ने ये कंफर्म कर दिया है कि अक्षय स्त्री 3 में अहम किरदार निभाएंगे.

स्काई फोर्स के ट्रेलर लॉन्च पर अक्षय से पूछा गया कि क्या वह मैडोक हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स का हिस्सा होंगे. इस पर अक्षय ने कहा, मैं क्या कह सकता हूं, दिनेश और ज्योति को यह तय करना होगा, वे ही पैसे लगाने वाले हैं और अमर कौशिक को डायरेक्ट करना है. अक्षय की इस बात पर रिएक्ट करते हुए दिनेश विजान ने कहा, बेशक, वे यूनिवर्स का हिस्सा है. उन्होंने हंसते हुए कहा, वे हमारे थानोस हैं.

बता दें स्त्री में अक्षय कुमार को सरकटे के वंश के आखिरी जिंदा सदस्य के रूप में दिखाया गया था. जिसके पास भूत को हमेशा के लिए खत्म करने का उपाय है. खैर जो भी हो दर्शक स्त्री 2 में अक्षय की मौजूदगी से काफी खुश होने वाले हैं.

मैडोक फिल्म्स ने हाल ही में 2025 से 2028 तक अपनी अपकमिंग फिल्मों का कैलेंडर शेयर किया था. जिसमें स्त्री 3 साल 2027 में 13 अगस्त के लिए शेड्यूल की गई है. 2024 में स्त्री 2 ने बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा दिया था. इसकी कहानी, ह्यूमर ने दर्शकों का दिल जीत लिया. फिल्म में श्रद्धा कपूर, राजकुमार राव, अपारशक्ति खुराना, पकंज त्रिपाठी, अभिषेक बैनर्जी ने खास रोल प्ले किया था. फिल्म में अक्षय कुमार, वरुण धवन का कैमियो था वहीं तमन्ना भाटिया ने इसमें स्पेशल डांस किया था.

शब्द सामर्थ्य- 302

बाएं से दाएं

1. याद, स्मरण 3. अग्नि, आग, पवित्र करने वाला 6. गौ जाति का नर 8. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 10. मुस्कुराहट, तबस्सुम 11. खारा, नमक के स्वाद जैसा 14. मुख्यभाग, निचोड़ 16. पिंडली व एड़ी के बीच की दोनों ओर उभरी हड्डी, गुल्फ 18. अद्भूत, विचित्र 21. सम्राट, बादशाह, नरेश 22. कृति, निर्माण करना, बनाना 23. बड़ी थाली 24. समूह, दल 26. एहसानमंद, कृतज्ञ 27. ध्वनि, सदा 28. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर।

ऊपर से नीचे

2. अपमान, अनादर, अवज्ञा 3. जल, नीर, अम्बु 4. वाणी, वादा, कथन 4. कर्म शब्द का अपभ्रंश, भाग्य 7. लकड़ी का घूमने वाला एक गोल खिलौना, बिजली का बल्ब 9. लोग, प्रजा 10. यात्री, राही, पथिक 12. कीड़ा 13. चोचला, अदा 15. दंड 17. अवैध, अनुचित 18. जो आधिकारिक न हो, जो अधिकार प्राप्त न हो 19. जैसा होना चाहिए ठीक वैसा, सत्यपरक, वाजिब 20. ताकत, शक्ति 24. प्रश्न, समस्या 25. घटना, घटना का वर्णन 26. एक प्रसिद्ध पक्षी जो रात में विचरण करता है, लक्ष्मीजी की सवारी 27. पानी, चमक।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 301 का हल

टे	ढ़ा	मे	ढ़ा	■	म	हा	र	त
क	■	ह	■	■	■	■	ज	न
■	जा	न	की	■	क	म	नी	य
■	■	त	म	क	ना	■	■	■
म	■	■	त	ह	त	■	दा	ब
सी	मा	■	■	ला	■	स	न	द
हा	थ	म	ल	ना	■	वा	■	च
■	■	द	■	■	घा	ल	मे	ल
■	ब	द	ह	वा	स	■	■	न

सू-दोकू- 302

	2			6			1	
3			4			2		
							6	
6					4			
	9		5			6		1
4		3			9			2
	8		2				7	
1		2		4		9		6

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.301का हल

8	7	6	9	5	1	2	3	4
1	3	9	2	8	4	5	6	7
4	5	2	3	7	6	9	1	8
2	8	5	4	6	7	1	9	3
3	1	7	8	9	2	4	5	6
6	9	4	1	3	5	7	8	2
9	4	1	6	2	8	3	7	5
7	2	8	5	1	3	6	4	9
5	6	3	7	4	9	8	2	1

आज का राशिफल

मेष : आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहने वाला है। नौकरी कर रहे लोगों के लिए आज का दिन लाभकारी है , उन्हें काम से जुड़ी कोई बड़ी खुशखबरी मिलेगी। सही योजना के तहत आप अपने करियर में बदलाव लाने में सफल होंगे।

वृष : आज आपका दिन नई उमंगों के साथ शुरू होगा। आपको आर्थिक रूप से अपने सगे संबंधियों की मदद मिलेगी। साथ ही लेन-देन के मामलों में आपको सावधानी बरतने की जरूरत है। करियर में भी आपको अपने गुरु का सहयोग प्राप्त होगा।

मिथुन : आज आपका दिन उल्लास से भरा रहने वाला है। बिजनेस के किसी काम से आपको यात्रा करनी पड़ सकती है। आपका काम अच्छे से पूरा होगा। आज आप कुछ मौज मस्ती के मूड में भी रहेंगे।

कर्क : आज आपका दिन सामान्य रहने वाला है। परिवार में हर्षोल्लास का वातावरण रहेगा। दांपत्य जीवन में आपसी सामंजस्य बेहतर बना रहेगा। सेहत के लिहाज से आप चुस्त-दुरुस्त रहेंगे।

सिंह : आज का दिन व्यस्तता से भरा रहने वाला है। मसालेदार खाना खाने से आपकी सेहत में उतार चढ़ाव होगा। आज आपके बड़े भाई आपसे किसी विषय में चर्चा करेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों का आज कोई विरोध कर सकता है।

कन्या : आज आपका दिन आपके परिवार के लिए नई खुशियां लाया है । वैवाहिक जीवन में मधुरता बढ़ेगी। आज राह चलते किसी अनजान व्यक्ति से बेवजह विवाद से बचें। संयम रखने से रुकी योजनायें सफल होंगी।

तुला : आज आपका दिन अनुकूल रहने वाला है। संतान के साथ संबंधों में मजबूती आएगी। आज आपको पैतृक संपत्ति मिल सकती है। पुराने रोगों से आपको छुटकारा मिलेगा। आज आपके सभी काम आसानी से पूरे होंगे।

वृश्चिक : आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहेगा। आज आप दूसरों की हर संभव मदद करेंगे। पारिवारिक जीवन में ताल मेल बना रहेगा। आज के दिन परिवार के साथ बाहर डिनर करने का प्लान बनाएंगे।

धनु : आज आप अपने दिन की शुरुआत शांत मन से करेंगे। आपके धन-धान्य में वृद्धि होगी। दोस्तों के साथ कहीं घूमने की प्लानिंग करेंगे। आज आपको फिजूल की बातों में पडऩे से बचना चाहिए।

मकर : आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें, मौसम में परिवर्तन की वजह से थोड़ी परेशानी हो सकती है। समाज सेवा से जुड़े लोगों का समाज में प्रभाव बढ़ेगा, लोगों का सहयोग मिलेगा।

कुंभ : आज आपका दिन शानदार रहेगा। प्रॉपर्टी से जुडी समस्याओं के लिए भागदौड़ के उपरांत काम बन जायेगा। सगे सम्बन्धियों से अच्छे तालमेल बनेंगे। आज किसी असहाय की सहायता करने का मौका मिलेगा।

मीन : आज आपकी दिनचर्या अच्छी रहेगी। आज आपके अंदर पॉजिटीविटी बनी रहेगी, जिससे आपका मन काम करने में लगा रहेगा। आपकी भौतिक सुख सुविधाएं बनी रहेंगी। ऑनलाइन बिजनेस कर रही महिलाओं की इनकम में इजाफा होगा। आज आप किसी जरूरतमंद की मदद करने के लिए आगे आएंगे।